उत्तर प्रदेश शासन
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,
संख्या-138/2018/2453/92-2-18-27जॉच/2017
लखनऊ:: दिनांक 15 अक्टूबर, 2018

कार्यालय-ज्ञाप

जनपद बाराबंकी में दिनांक 09-04-2017 को मा0 मंत्री जी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उ0प्र0 द्वारा निरीक्षण के दौरान पी0आई0यू0-बाराबंकी में फेज-2 के अंतर्गत पैकेज संख्या-13143 सिद्धौर से देवीगंज सुबेहा मार्ग के निर्माण कार्यो के निरीक्षण के दौरान मार्ग की पटरी का कार्य मानक के अनुरूप न पाये जाने हेतु प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर शासन के पत्रसं0-586/92-2-17-27जांच/2017 दिनांक 08-05-2017 द्वारा श्री टी0एन0 राय, तत्का0 सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0आई0यू0-बाराबंकी से उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-10(2) के अंतर्गत स्पष्टीकरण मांगा गया था जो श्री टी0एन0 राय, तत्का0 सहायक अभियंता, पीआईयू0-बाराबंकी सम्प्रति अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0आई0यू0-देवरिया के पत्र संख्या-260/ग्रा0अ0वि0/स्पष्टीकरण/18-19 दि0 17-09-2018 द्वारा शासन में उपलब्ध कराया गया ।

2- शासन स्तर से निर्गत स्पष्टीकरण, अपचारी अधिकारी का बचाव उत्तर व अन्य संगत अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त श्री टी0एन0 राय, तत्का0 सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0आई0यू0-बाराबंकी सम्प्रति अधिशासी अभियंता, पी0आई0यू0-देवरिया के विरूद्व अधिरोपित आरोप स्थापित न पाये जानेके दृष्टिगत शासन के पत्र दिनांक 08.05.2017 द्वारा निर्गत स्पष्टीकरण की कार्यवाही बिना किसी दण्ड के एतदद्वारा समाप्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

मो0 इफ्तेखारूददीन
अपर मुख्य सचिवा

संख्या-138/2018/2453(1)/92-2-2018 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
2- श्री टी0एन0 राय, तत्का0 सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0आई0यू0-बाराबंकी द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता,(स्था0-1) ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
3- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(वी0 के0 सिंह)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।